## खबर संक्षेप



### तुमड़ी में सात दिवसीय संगीतमय श्री शिव महापुराण कथा का विधिवत समापन, विशाल भंडारे में श्रद्धालुओं का उमड़ा जनसैलाब

**तुमड़ी / परासिया :-** श्री नागदेव शिव मंदिर तुमड़ी में आयोजित सात दिवसीय संगीतमय श्री शिव महापुराण कथा का गुरुवार को विधिवत समापन हुआ । कथा के अंतिम दिवस हवन-पूजन, पूर्णाहुति एवं महाप्रसाद (भंडारा) का आयोजन किया गया, जिसमें तुमड़ी सहित आसपास के ग्रामीण अंचलों से बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए ।

कथावाचक पं. आनंद कृष्ण शास्त्री जी महाराज ने कथा के दौरान भगवान शिव की महिमा, शिव-पार्वती विवाह एवं भक्तिमार्ग पर विस्तार से प्रकाश डाला। कथा श्रवण हेतु प्रतिदिन श्रद्धालुओं की उल्लेखनीय उपस्थिति रही ।

समापन अवसर पर विशाल भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें श्रद्धालुओं ने पंक्तिबद्ध होकर प्रसादी ग्रहण की । आयोजन समिति के समाजसेवी सतीश नागवंशी ने जानकारी देते हुए बताया कि उक्त कार्यक्रम के सफल आयोजन में तुमड़ी ग्राम के ग्रामीण ब्रज नागवंशी , वीरेंद्र बेलवंशी , अशोक आम्रवंशी, नरेश नागवंशी, दिनेश बालवंशी, संजू नागवंशी सहित समस्त ग्रामवासियों ने तन मन और धन से सहयोग प्रदान किया ।

उन्होंने आगे बताया , कि ग्राम में इस प्रकार के धार्मिक एवं सांस्कृतिक आयोजन प्रतिवर्ष आयोजित किए जाते रहेंगे । आयोजन को सफल बनाने में समस्त ग्रामवासियों का सराहनीय योगदान रहा ।

### ग्राम पंचायत हिर्रिपठार में दो स्थानों पर स्वागत द्वारों का निर्माण



**परासिया :-** जनपद पंचायत तामिया अंतर्गत ग्राम पंचायत हिर्रि पठार में विकास कार्यों की कड़ी में दो स्थानों पर भव्य स्वागत द्वारों का निर्माण किया गया । इन स्वागत द्वारों का निर्माण तनु श्री इंटरप्राइजेस एवं फेब्रिकेशन छिंदवाड़ा द्वारा किया गया है । निर्माण कार्य ग्राम पंचायत हिर्रिपठार के सरपंच जीवन सा एवं सचिव संतराम मरकाम के मार्गदर्शन में सफलतापूर्वक संपन्न हुआ । स्वागत द्वारों के निर्माण से ग्राम की सुंदरता में वृद्धि हुई है तथा गांव की पहचान को नया स्वरूप मिला है ।

ग्रामीणों ने बताया , कि इस कार्य से ग्राम का सौंदर्यीकरण हुआ है और बाहर से आने वाले लोगों को ग्राम की स्पष्ट पहचान मिल रही है । ग्रामीणों ने सरपंच एवं सचिव द्वारा कराए गए इस अत्यंत सराहनीय कार्य की प्रशंसा की ।

**भाजपा जनप्रतिनिधि एवं निर्वाचित पार्षदों ने किया विरोध थाने में हुई शिकायत**

# कांग्रेस पार्षद की नगरपालिका में खुलेआम गुंडागर्दी

**जुन्नारदेव।** नगरपालिका कार्यालय में उस समय हंगामे की स्थिति बन गई जब भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के पार्षद अरुणेश जायसवाल पर खुलेआम अभद्रता करने के गंभीर आरोप लगे। आरोपों के अनुसार, कांग्रेस पार्षद ने नपा उपाध्यक्ष एवं भारतीय जनता पार्टी के नेताओं के साथ बदसलूकी की। बताया जा रहा है कि पार्षद द्वारा धमकी देते हुए वीडियो बनाया जा रहा था। इतना ही नहीं, कांग्रेस पार्षद यहीं नहीं रुके, उन्होंने नपा अध्यक्ष के केबिन में घुसकर शासकीय गरिमा को तार-तार करते हुए टेबल पर हाथ पटकने और खाली कुर्सी को लात मारने जैसा दुस्साहस भी किया। इस पूरे घटनाक्रम से भाजपा के जनप्रतिनिधियों और नेताओं में भारी आक्रोश व्याप्त है। नगरपालिका अध्यक्ष रमेश सालोडे का कहना है कि संबंधित पार्षद का व्यवहार हमेशा से हिंसक रहा है। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि इस घटना से कांग्रेस पार्षद ओर कांग्रेस पार्टी का महिला विरोधी तथा एसटी/एससी समुदाय के प्रति असम्मानजनक रवैया साफ तौर पर नजर आया। राजनीतिक गलियारों में चर्चा है कि खुद को स्थापित करने की होड़ में कांग्रेस पार्षद ने मर्यादा की सभी सीमाएं लांघ दीं। मामले को लेकर कड़ी कार्रवाई की मांग तेज हो गई है। भाजपा नेताओं और जनप्रतिनिधियों ने स्थानीय थाने में थाना प्रभारी को आवेदन देकर उचित कानूनी कार्रवाई की मांग की है। थाना प्रभारी को सौंप गए ज्ञापन में कांग्रेस पार्षद द्वारा की गई अभद्रता और जनप्रतिनिधियों के अपमान किए जाने का उल्लेख किया गया है साथ ही उचित कार्रवाई की मांग भी की गई है।



जल संकट से निपटने के लिए योजना बनाने हेतु आहूत की गई थी बैठक -----इस पूरे घटनाक्रम के पूर्व नगर पालिका मुख्य कार्यपालन अधिकारी द्वारा नगर में व्याप्त जल संकट से निपटने के लिए कार्य योजना बनाने हेतु जन सामान्य की बैठक आयोजित की गई थी बैठक में जल समस्या से जुड़े हुए महत्वपूर्ण बिंदुओं पर चर्चा की जानी थी किंतु एका एक हुए हंगामा के बाद बैठक को रद्द कर दिया गया वहीं बैठक के बाद हुए हंगामा को रोकने का प्रयास मुख्य नगर पालिका अधिकारी द्वारा भी किया गया किंतु मामला शांत नहीं हुआ अंत में कांग्रेस पार्षद कुर्सी को फेंक कर दरवाजे में लात मार कर नगर पालिका से रवाना हो गए।

**इनका कहना है ----**

जल संकट को लेकर जन सामान्य की बैठक आयोजित की गई थी किंतु भाजपा कांग्रेस द्वारा विवाद करने के दौरान बैठक स्थगित कर दी गई समझने की कोशिश की गई किंतु कोई मानने को तैयार नहीं था।

**नेहा धुर्वे**
**मुख्य नगर पालिका अधिकारी जुन्नारदेव**

थाने में शिकायती पत्र प्राप्त हुआ है जांच की जाएगी।

**जागोतिन मसराम**
**थाना प्रभारी जुन्नारदेव**

भाजपा का प्रतिनिधिमंडल आगामी जल संकट की स्थिति को देखते हुए नपा अध्यक्ष ओर सीएमओ से मिलने गया था। बातचीत के दौरान जबरन कांग्रेस पार्षद अरुणेश जायसवाल ने हमारे नेताओं और जनप्रतिनिधियों से बदसलूकी की जिस की शिकायत हमने जुन्नारदेव थाना प्रभारी से की है।

**विवेक चंद्रवंशी**
**मंडल अध्यक्ष भाजपा जुन्नारदेव**

# मराठा गौरव सम्मान से सम्मानित हुए रेखा और सुनील बनारसे

**मराठा समाज ने किया प्रतिभाओं का सम्मान**



**छिंदवाड़ा।** हिंदवी स्वराज्य के संस्थापक और महान योद्धा छत्रपति शिवाजी महाराज की जयंती के अवसर पर जिला क्षत्रिय मराठा समाज ने गुरुवार की शाम को सम्मान समारोह आयोजित किया।

जिला क्षत्रिय मराठा समाज के अध्यक्ष प्रवीण काटकर ने बताया कि सुबह पूजन के पश्चात शाम को छह बजे से पवार मंगल भवन में समाज का सबसे बड़ा सम्मान समारोह एवं बच्चों के सांस्कृतिक कार्यक्रम हुए। सम्मान समारोह में सामाजिक कार्य में अपना सहयोग एवं सक्रिय भागीदारी निभाने रेखाताई बनारसे और सुनील बनारसे को मराठा गौरव सम्मान से सम्मानित किया गया। वहीं राजमाता जिजाऊ सम्मान भावना बनारसे, मराठा युवारत्न का सम्मान प्रवीण मराठा, मराठा विशिष्ठ सम्मान विजय चौहान, प्रशांत गायकवाड़ सहित 10 वीं एवं 12 वीं में उत्कृष्ठ अंक लाने वाले प्रतिभाशाली छात्रों को पुरस्कृत किया गया। सांस्कृतिक कार्यक्रम में बच्चे शिवाजी बनकर आए तो कोई माता जिजाऊ।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में नगर निगम महापौर विक्रम आहके उपस्थित रहे। उन्होंने सभी सामाजिक बंधुओं की उपस्थित में मराठा माहिती दर्पण पुस्तक का विमोचन किया। कार्यक्रम में मंच संचालन सुनील बनारसे ने किया।

# वृत्त चॉंदामेटा के उमरेठ क्षेत्र में आबकारी विभाग की कार्यवाही



**परासिया।** दिनांक 20.02.2026 को कलेक्टर हरेंद्र नारायण के निर्देश,अनुविभागीय अधिकारी परासिया श्री शुभम कुमार यादव एवं सहायक आबकारी आयुक्त बी. आर. वैद्य के मार्गदर्शन मे वृत्त चॉंदामेटा प्रभारी अधिकारी द्वारा उमरेठ क्षेत्र के ग्राम गाजनडोह, गौरपानी जमुनिया जेठू मे दबीस दिया। सबसे पहले आबकारी बल ग्राम गाजनडोह के समीप नाला के किनारो मे बने हाथ भट्टी शराब के अड्डो पर कार्यवाही की गयी जहाँ नाला के किनारे झाड़ियों मे छुपाकर रखे महुआ लाहन से भरा प्लास्टिक की बोरी बरामद किया गया। जहाँ से 08 प्लास्टिक की बोरियो मे लगभग 400 किलो लाहन के सैंपल लेकर शेष लाहन को नष्ट किया। इसके बाद अमला गौरपानी मे नदी के किनारे बने अड्डों मे दबीस दिया गया जहाँ से अलग अलग स्थानों मे छुपाकर रखे 10 लाहन की बोरियो को मौके पर हीं सैंपल लेकर 500 किलो लाहन नष्ट किया गया तथा एक प्लास्टिक की बोरी मे रखा लगभग 20 लीटर हाथ भट्टी भी बरामद किया गया। इसके बाद आबकारी बल जमुनिया जेठू मे नाला किनारे से 02 प्लास्टिक दे ड्रम मे भरा 400 किलो लाहन बरामद कर मौके पर हीं नष्ट किया गया एवं मदिरा निर्माण की सामग्री को जप्त किया गया। इस दबीस कार्यवाही मे कुल 1300 किलो लहान एवं 20 लीटर हाथ भट्टी जप्त कर मध्यप्रदेश आबकारी अधिनियम की धारा 34(1) क, च के तहत 04 प्रकरण कायम किया गया । अवैध मदिरा निर्माताओं एवं विकेताओं के विरुद्ध मुहीम आगे भी जारी रहेगा।

इस दबिश कार्रवाई में प्रभारी अधिकारी आबकारी उप निरीक्षक जीत सिंह धुर्वे एवं समस्त आबकारी आबकारी आरक्षक उपस्थित रहे ।

## नगर पालिक निगम सभापति एवं पार्षद दल ने महापौर विक्रम सिंह अहके जी के निवास पहुंचकर भाजपा अनुसूचित जनजाति मोर्चे में प्रदेश कार्यसमिति सदस्य बनाए जाने बधाई एवं शुभकामनाएं प्रेषित की



**छिंदवाड़ा।** शहर के प्रथम नागरिक युवा महापौर विक्रम सिंह अहके जी को समाजिक कार्यों में अपनी अग्रणी भूमिका निभाने एवं उनकी कार्यकुशलता को देखते हुए प्रदेश भाजपा संगठन ने एक बड़ी जिम्मेदारी सौंपी है जो निश्चित ही दिखाता है कि कही न कही भाजपा अब युवा चेहरे को संगठन में सक्रिय करना चाह रही है जिसका फायदा संगठन को जरूर मिलेगा ज्ञात हो कि महापौर अहके जी लगातार सामाजिक कार्यों में अपनी सक्रिय भूमिका निभाते है अभी हाल ही में उन्होंने सामाजिक युवक -युवती परिचय सम्मेलन ,आदिवासी प्रीमियर लीग क्रिकेट टूर्नामेंट और समय समय पर विभिन्न कार्यक्रम करवाकर युवाओं में, बड़े बुजुर्गों में ऊर्जा भरने का काम किया है महापौर अहके जी की समाज के प्रति इसी कर्तव्यनिष्ठा एवं लगन को देखते हुए भाजपा प्रदेश संगठन ने उन्हें अनुसूचित जनजाति मोर्चे में प्रदेश कार्यसमिति सदस्य की जिम्मेदारी सौंपी है जिसका महापौर विक्रम जी ने शीर्ष नेतृत्व का आभार जताया है साथ ही इस जिम्मेदारी को पूरी कर्तव्यनिष्ठा के साथ निभाने के लिए कहा है ,इस अवसर पर नगर निगम सभापति एवं पार्षद दल द्वारा महापौर निवास पर पहुंचकर बधाई एवं शुभकामनाएं प्रेषित की इस दौरान सभापति ,पंडित राम शर्मा जी, मनोज सक्सेना जी,चंद्रभान देवरे जी, माइकल पहाड़े जी, रंगू यादव जी,बलराम साहू जी,विजय पाटिल जी,राहुल ऊइके जी,पार्षद बब्लू विश्वकर्मा जी, जगदीश गोदरे जी, गरिमा दामोदर जी ,गयाप्रसाद वाडिवा जी उपस्थित रहे।

# मंत्री के पुतला दहन के साथ गूंजा विरोध



**जुन्नारदेव।** विधानसभा सत्र के दौरान नगरीय प्रशासन मंत्री द्वारा मध्यप्रदेश के नेता प्रतिपक्ष पर की गई अमर्यादित टिप्पणी के विरोध में बस स्टैंड पर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के तत्वावधान में प्रदर्शन किया गया।प्रदर्शन के दौरान कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने मंत्री का पुतला दहन कर कड़े शब्दों में विरोध दर्ज कराया। इस मौके पर कांग्रेस के पदाधिकारी, वरिष्ठ नेता एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे। विरोध प्रदर्शन के दौरान "मंत्री इस्तीफा दो", और "भाजपा सरकार होश में आओ" जैसे नारों से पूरा क्षेत्र गूंज उठा।कांग्रेस नेताओं ने कहा कि विधानसभा जैसे गरिमामय सदन में इस प्रकार की अमर्यादित टिप्पणी न केवल लोकतांत्रिक मूल्यों के खिलाफ है, बल्कि यह आदिवासी समाज और उनके जनप्रतिनिधियों का भी अपमान है। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा सरकार लगातार जनप्रतिनिधियों की आवाज को दबाने और उनका अपमान करने का काम कर रही है।जिसे कांग्रेस किसी भी स्थिति में बर्दाश्त नहीं करेगी। ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के पदाधिकारियों ने चेतावनी दी कि यदि मंत्री द्वारा सार्वजनिक रूप से माफी नहीं मांगी गई और उन्हें पद से नहीं हटाया गया, तो आंदोलन को और व्यापक रूप दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी लोकतांत्रिक परंपराओं की रक्षा के लिए सड़क से सदन तक संघर्ष जारी रखेगी।प्रदर्शन के अंत में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने एकजुट होकर मंत्री के तत्काल इस्तीफे की मांग की। और भविष्य में ऐसे किसी भी अपमानजनक व्यवहार के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की।

# अंतर्राष्ट्रीय सामाजिक न्याय दिवस पर आयोजित किया गया जागरूकता शिविर



**जुन्नादेव।** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली एवं म०प्र० राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर के निर्देशानुसार अंतर्राष्ट्रीय सामाजिक न्याय दिवस 20 फरवरी को मनाये जाने के साथ समानता और मानवीय गरिमा की आवयकता पर प्रकाश, गरीबी, बहिष्कार और बेरोजगारी, पशु प्रेम इत्यादि हेतु जागरूकता अभियान आयोजित किये जाने के निर्देश प्राप्त हुये थे जिसके अंतर्गत माननीय सुशांत हुद्दार प्रधान जिला न्यायाधीश एवं अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण जी के निर्देशन में एवं श्रीमान राकेश सिंह सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण जी के मार्गदर्शन में तथा श्रीमान् महेन्द्र मांगोदिया, जिला न्यायाधीश एवं अध्यक्ष तहसील विधिक सेवा समिति जुन्नारदेव जी के कुशल नेतृत्व में दिनांक 20 फरवरी 2026 को कार्यालय तहसील विधिक सेवा समिति जुन्नारदेव द्वारा ग्राम पंचायत घुट्टी तहसील जुन्नारदेव में बाल विवाह की रोकथाम एवं लिंग-चयनात्मक प्रथाओं के उन्मूलन, लैंगिक अपराध, नेषनल लोक अदालत, विधिक सेवा संस्था की कार्य प्रणाली एवं विभागीय योजनाओं की जानकारी देने उनके विधिक अधिकारों का बोध कराने हेतु विधिक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन कराया गया उक्त आयोजित शिविर को श्रीमति पूजा सिंह मौर्य एवं वरिष्ठ अधिवक्ता श्री दिलीप श्रीवास्तव द्वारा संबोधन किया गया। कार्यक्रम में न्यायाधीश श्रीमति पूजा सिंह मौर्य द्वारा महिला संबंधी अनेक कानूनो से महिलाओं को अवगत कराया साथ ही शिविर में उपस्थित बालिकाओं से भी विषेष चर्चा की। उक्त कार्यक्रम में ग्राम पंचायत के पूर्वसरपंच, सचिव, उपसरपंच, इत्यादि ग्रामीणजनो की उपस्थिति में संपन्न हुआ।

# स्वास्थ्य शिविर एवं विधिक जागरूकता शिविर का हुआ आयोजन



**जुन्नारदेव।** शासकीय महाविद्यालय जुन्नारदेव की राष्ट्रीय सेवा योजना छात्रा इकाई द्वारा कार्यक्रम अधिकारी डॉ. रश्मि नागवंशी के निर्देशन में आयोजित सात दिवसीय विशेष शिविर के अंतर्गत ग्राम उमरिया फदाली में शिविर के चौथे दिन स्वास्थ्य शिविर एवं विधिक साक्षरता शिविर का सफल आयोजन किया गया।

विधिक साक्षरता सत्र में सिविल न्यायालय जज पूजा सिंह मौर्य एवं वरिष्ठ अधिवक्ता दिलीप श्रीवास्तव ने ग्रामीणों एवं स्वयंसेविकाओं को विभिन्न कानूनों की विस्तृत जानकारी प्रदान की। उन्होंने बताया कि कानून सबके लिए समान है तथा महिला सुरक्षा, साइबर अपराध से संरक्षण, बाल संरक्षण, घरेलू हिंसा, दहेज प्रथा आदि से संबंधित कानूनी प्रावधानों की जानकारी देते हुए जागरूक रहने का संदेश दिया।

स्वास्थ्य शिविर में डॉ. नीलिमा, डॉ. झरबड़े, लैब टेक्नीशियन पंकज यदुवंशी एवं आयुषी रामपुरे द्वारा स्वयंसेविकाओं एवं ग्रामीणों की हीमोग्लोबिन जांच के साथ-साथ लीवर, किडनी, विटामिन डी, कैल्शियम, थायराइड, लिपिड प्रोफाइल एवं सीआरपी आदि परीक्षण किए गए। डॉ. नीलिमा द्वारा ग्रामीण महिलाओं एवं स्वयंसेविकाओं का स्वास्थ्य परीक्षण कर उन्हें आवश्यक परामर्श एवं निःशुल्क दवाइयाँ प्रदान की गईं।

वित्तीय साक्षरता सत्र के अंतर्गत राकेश यादव द्वारा विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी गई, जिनमें अटल पेंशन योजना, नैशनल पेन्शन सिस्टम, प्रधान मंत्री जन धन योजना, तथा सुकन्या समृद्धी योजना प्रमुख रहीं। साथ ही आवर्त जमा खाता की विशेषताओं एवं लाभों से भी अवगत कराया गया। चतुर्थ दिवस का आयोजन स्वास्थ्य जागरूकता, विधिक साक्षरता एवं वित्तीय सशक्तिकरण के संदेश के साथ सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। ग्रामीणों ने कार्यक्रम की सराहना करते हुए भविष्य में भी ऐसे आयोजनों की अपेक्षा व्यक्त की।

## उत्तीर्ण होने के बाद प्रत्येक वर्ष बढाकर वसूली जाने वाली फीस पर लगाया जाए प्रतिबंध

# मनमानी फीस और किताबें एवं गणवेश तय दुकान से लेने के विरोध में निगरानी समिति बनाने की मांग



हरिभूमि न्यूज ▸▸ पांढुर्णा

कल अखिल भारतीय ग्राहक पंचायत महाकौशल के जिला पांढुर्णा इकाई अध्यक्ष राजेश झाडे के नेतृत्व में कलेक्टर निरज कुमार वशिष्ठ को ज्ञापन देकर शैक्षणिक सत्र शुरू होने के मौके पर नीजी शालाओं द्वारा की मनमानी फीस वृद्धि, अभिभावकों से विभिन्न मदों में वसूला जा रहा शुल्क, पाठ्यपुस्तकें, कॉपियों, जूते एवं मोजे सहित गणवेश तयशुदा दुकानों से लेने का अनैतिक दबाव के खिलाफ पर्याप्त ठोस प्रशासनिक तैयारी करने की मांग की है। ज्ञापन में नीजी शालाओं पर बिना सक्षम प्राधिकरण अनुमति के शालेय ट्यूशन फी, गतिविधि शुल्क एवं अन्य मदों में अनुचित बढोतरी की जानकारी लेने की मांग की है। शाला में विशेष प्रकाशक या किसी तयशुदा दुकान से शालेय सामग्री खरीदने का दबाव एक आम बात है, जहां उपभोक्ताओं का शोषण किया जाता है। इस प्रकार अनावश्यक आर्थिक बोझ के कारण अभिभावकगण सदैव त्रस्त पाए जाते है। अखिल भारतीय ग्राहक पंचायत महाकौशल के जिला पांढुर्णा ने नया सत्र शुरू होने के पूर्व उक्त प्रकार की अवैध गतिविधियों पर रोक के लिए स्पष्ट निर्देश बनाकर उसे जारी करने की मांग की है। इसके अलावा शालाओं को ऐसी पाठ्यपुस्तकें चयनित करनी चाहिए, तो सुलभतापूर्वक उपलब्ध हो। शाला प्रबंधक अपनी जेबें भरने के लिए ऐसी किताबों किताबों का चयन करते है जो आसानी से मार्केट में नहीं मिलती। इसके बाद शालाओं की अप्रत्यक्ष अनुमति से एक-दो दुकानदार यह विशेष किताबें अपनी दुकानों में उपलब्ध कराते है। इस प्रकार शालाओं और किताब विक्रेताओं का अनैतिक गठबंधन बन जाता है, जिससे अभिभावकों के शोषण का रास्ता आसान हो जाता है। इस प्रकार अभिभावकों का शोषण रोकने के लिए प्रभावी निगरानी समिति बनाई जाए, कलेक्टर के अधीन इस संबंध में प्राप्त शिकायतों के निवारण हेतु तंत्र स्थापित किया जाए, उत्तीर्ण होने के बाद प्रत्येक वर्ष बढाकर वसूली जानेवाली फीस पर प्रतिबंध लगाया जाए।

## छत्रपति शिवाजी जयंती पर ढोल-ताशा ने बांधा समां



**पांढुर्णा।** कल शाम सात बजे यहां छत्रपति शिवाजी चौक पर नागपुर से आए ढोल-ताशा पथक के कलाकारों ने अपनी कला के आकर्षण में साढे आठ बजे तक नागरिकों को रोक कर रखा। नागपुर के पथक ने अपने ढोल और ताशे की धमक 7 बजे शुरू कर दी, जिसके बाद धीरे धीरे शहर की महिलाएं और पुरुष बड़ी संख्या में छत्रपति शिवाजी महाराज की प्रतिमा स्थल पर एकत्र हो गए। इसके अलावा आयोजकों द्वारा छत्रपति शिवाजी महाराज की प्रतिमा को बडे ही आकर्षक ढंग से सजावट की गई थी। पूरे चौराहे में रोशनी की सजावट भी मनमोहक तरीके से की गई थी। ढोल ताशा पथक ने एक-डेढ घंटे तक लोगों को एक जगह पर बांधे रखा। कार्यक्रम के अंत में छत्रपति शिवाजी महाराज की स्तुति आरती की गई।

## शिवभक्त नारायण खापरे एवं डोमा हेडाउ का किया भव्य सम्मान



**दमुआ।** विदित हो कि महाशिवरात्रि मेले में हर वर्ष भक्त श्रद्धालुओं की सेवा में महादेव मार्ग के नागनाथा दमुआ में 10 दिनो तक निःशुल्क भण्डारा कराने वाले शिवभक्त श्री नारायण खापरे एवं श्री डोमा जी हेडाउ सह परिवार जो कि नागपुर के रहने वाले जिनका विशेष योगदान रहता है जिसको ध्यान में रखते हुए श्री ओम साईराम सेवा समिति दमुआ के द्वारा श्री साईमंदिर दमुआ में शाल श्रीफल भेंट कर एवं तिलक लगाकर भव्य स्वागत सम्मान किया गया इस अवसर पर साई मंदिर समिति के सभी सदस्य उपस्थित रहे जिसमेंश्री रोहित सोनी, शेखर पंडोले, राजू मामा, सोहन चैहान, प्रकाश डेहरिया, प्रिंस राजपाल, कमलेश पाण्डे, प्रमोद श्रीवास्तव, देवेन्द्र ठाकरे, अशोक झरबडे, छबिलाल परतेती, मदन धुर्वे, पारस बन्देवार, संदीप रघुवंशी, रुपेश साहू, संजू श्रीवास्तव, पिन्टू पवार, मोंटी सनोडिया, ब्रजेश वरकडे, आकाश डोंगरे, राजेश डेहरिया, मोनू साहू, नितिन साहू, प्रदीप साहू, राकेश चैरसिया, हेमराज गाठे, दुर्गासिंह राजपूत, राकेश खातरकर सहित ओम साईं सेवा समिति के सभी सदस्य मुख्य रूप से शामिल थे।

## पांढुर्णा को मिली विकास की बड़ी सौगात:जिला अस्पताल और सड़कों के लिए करोड़ों स्वीकृत

**सौंसर।** पांढुर्णा जिले के विकास को लेकर पूर्व मंत्री नाना मोहोड की मेहनत आखिरकार रंग लाई है। राज्य सरकार के हालिया बजट में क्षेत्र के लिए स्वास्थ्य सुविधाओं और बुनियादी ढांचे को मजबूत करने हेतु 'विकास का पिटारा' खोल दिया गया है। लंबे समय से लंबित जिला अस्पताल की मांग के साथ-साथ सड़क और पुलिया निर्माण के कार्यों को सरकार ने वित्तीय स्वीकृति प्रदान कर दी है।क्षेत्रवासियों की स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं को प्राथमिकता देते हुए पूर्व मंत्री श्री मोहोड ने उपमुख्यमंत्री एवं स्वास्थ्य मंत्री राजेंद्र शुक्ल से व्यक्तिगत भेंट कर पांढुर्णा सिविल अस्पताल को जिला अस्पताल का दर्जा देने की मांग की थी। सरकार ने इस मांग को स्वीकार करते हुए अस्पताल के उन्नयन की राह प्रशस्त कर दी है, जिससे अब जिले के मरीजों को बेहतर इलाज के लिए महानगरों की ओर नहीं दौड़ना पड़ेगा,लोक निर्माण विभाग मंत्री राकेश सिंह से सतत संपर्क और समन्वय के चलते जिले में बुनियादी ढांचे के लिए बड़ी राशि स्वीकृत की गई है। बजट में प्रमुख रूप से निम्नलिखित कार्यों को मंजूरी मिली है,खैरीपैका रेलवे स्टेशन मार्गः पुलिया सहित निर्माण के लिए 3 करोड़ 30 लाख रुपये, 6.50 किलोमीटर सड़क हेतु 5 करोड़ 50 लाख रुपये,राजना पहुँच मार्गः 2.20 किलोमीटर मार्ग के लिए 2 करोड़ 30 लाख रुपये,इन विकास कार्यों की स्वीकृति मिलने पर क्षेत्र के ग्रामीणों में भारी उत्साह देखा जा रहा है। ग्रामीणों ने इस सौगात के लिए मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव, स्वास्थ्य मंत्री राजेंद्र शुक्ल, लोनिवि मंत्री राकेश सिंह, सांसद विवेक बंटी साहू, प्रभारी मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर और विशेष रूप से पूर्व मंत्री नाना मोहोड का से आभार व्यक्त किया है।

## सौंसर के निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर में उमड़े मरीज

**सौंसर।** शुक्रवार को क्षेत्र के जरूरतमंद और ग्रामीण नागरिकों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने के उद्देश्य से अन्ना भाऊ साठे सभागृह में विशाल निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। ग्रामीण आदिवासी समाज विकास संस्थान, डॉक्टर एसोसिएशन और शालिनी ताई मेघे अस्पताल के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित इस शिविर में 268 से अधिक लोगों ने पंजीयन कराकर विशेषज्ञ डॉक्टरों से परामर्श लिया। शिविर में शालिनी ताई मेघे अस्पताल के अनुभवी डॉक्टरों की टीम ने अपनी सेवाएं दीं। शिविर के दौरान मरीजों को न केवल परामर्श दिया गया, बल्कि संस्थान की ओर से निःशुल्क दवाइयां भी वितरित की गईं। शिविर में जनरल फिजिशियन एवं स्त्री रोगनाक, कान, गला एवं दंत रोग,त्वचा रोग, नेत्र रोग एवं अस्थि रोग विशेषज्ञमानसिक स्वास्थ्य पर विशेष जोर दिया गया। शिविर में मानसिक स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता रही हैं। संस्थान द्वारा संचालित मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम के कार्यकर्ताओं ने उपस्थित जनसमुदाय को तनाव,अवसाद और अन्य मानसिक विकारों के लक्षणों व बचाव के उपायों की विस्तृत जानकारी दी।

## भाजपा संगठन प्रभारी दीपांकर बैनर्जी का सौंसर में स्वागत

हरिभूमि न्यूज ▸▸ सौंसर

भारतीय जनता पार्टी के जिला संगठन प्रभारी दीपांकर बैनर्जी के प्रथम सौंसर आगमन पर पार्टी कार्यकर्ताओं और पदाधिकारियों द्वारा उत्साहपूर्वक भव्य स्वागत किया गया। इस प्रवास के दौरान श्री बैनर्जी ने न केवल सांगठनिक चर्चा की, बल्कि क्षेत्र के सुप्रसिद्ध धार्मिक स्थलों पर मत्था टेककर सुख-समृद्धि की कामना भी की।सौंसर पहुँचते ही श्री बैनर्जी सीधे सुप्रसिद्ध चमत्कारिक जामसांवली हनुमान मंदिर पहुँचे। यहाँ उन्होंने भगवान हनुमान जी की प्रतिमा के दर्शन कर विधि-विधान से पूजा-अर्चना की। उन्होंने देश,प्रदेश जिले की खुशहाली के लिए आशीर्वाद मांगा। इस अवसर पर मंदिर ट्रस्ट कमेटी द्वारा उनका आत्मीय स्वागत व सत्कार किया गया। इसके पश्चात, श्री बैनर्जी पूर्व राज्य मंत्री नाना मोहोड़ के निवास स्थान पहुँचे। यहाँ मोहोड़ परिवार और उपस्थित कार्यकर्ताओं ने पूरे उत्साह और आत्मीयता के साथ उनका भव्य स्वागत किया।कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए श्री बैनर्जी ने कहा कि संगठन की मजबूती और आगामी लक्ष्यों की प्राप्ति के लिए प्रत्येक कार्यकर्ता की भूमिका महत्वपूर्ण है। उन्होंने जोर देकर कहा, ₹हम सब मिलकर संगठन को नई ऊंचाइयों पर ले जाने के लिए कटिबद्ध हैं।

## रक्तदान शिविर में 36 रक्तवीरों ने किया रक्तदान

हरिभूमि न्यूज ▸▸ सौंसर

रक्तदान ही जीवन दान है' के संकल्प को चरितार्थ करते हुए ग्राम मोहगांव में श्री क्षेत्र अर्धनारीश्वर ज्योतिर्लिंग महाशिवरात्रि सप्ताह एवं छत्रपति शिवाजी महाराज जन्मोत्सव पर रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। युथ ऑफ सौसर एसोसिएशन के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित इस 25वें शिविर में 36 रक्तवीरों ने उत्साहपूर्वक रक्तदान किया। शिविर में पुरुषों के साथ-साथ महिलाओं ने भी बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया।संस्था प्रमुख योगेश सोमकुंवर ने बताया कि अब तक प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रूप से लगभग 1836 जरूरतमंदों तक रक्त पहुँचाने का पुनीत कार्य किया जा चुका है। शिविर का शुभारंभ नगर पालिका अध्यक्ष संदीप घाटोडे ने किया।कार्यक्रम में अर्धनारीश्वर ज्योतिर्लिंग समिति के अध्यक्ष वीरेंद्र शर्मा,शिविर में डॉ. सीमा ठाकरे, अभिकांत बेल, किरण बाला, नंदनी राउत द्वारा रक्तवीरों को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। आयोजन में सुनील डोंगरे, साहिल चोरकर, वेद प्रकाश सरोदे, रितेश देशमुख, प्रफुल्ल तकिलकर, अभिलाष नासरे, श्रवण जुनघरे, आकाश भांगे, प्रदीप रेवटकर, योगेश भांगे, आदि ने रक्तदान कियाकार्यक्रम को सफल बनाने में गोपाल कोठे, पंकज रंगारे, हेमंत हिवरकर, रामेश्वर सदारंग का सहयोग रहा है।

## रमजान में 7 साल के अरशद का पहला रोजा



**सिंगोड़ी** :- रमजान के पवित्र महीने में एक छोटे बच्चों की इबादत ने सब का दिल जीत लिया हां हम बात कर रहे हैं अमरवाड़ा के नई आबादी वार्ड क्रमांक 2 में रहने वाले 7 वर्षीय मोहम्मद अरशद मंसूरी ने अपना पहला रोजा रखकर एक मिसाल कायम की है जो की रमजान के महीने का जुम्मे के दिन का रोजा है अरशद की अम्मी और अब्बू तौसीफ मंसूरी के अनुसार बच्चों ने खुद ही रोजा रखने की जिंद कि परिवार ने पहले मना किया क्योंकि 14 घंटे तक बिना खाऐ पीऐ रहना आसान नहीं है रमजान का यह पवित्र महीना मुस्लिम समाज के लिए विशेष महत्व रहता है इस दौरान रोजदार दिन में पांच बार नमाज अदा करते हैं अमरवाड़ा में इस वर्ष मुस्लिम समुदाय में रमजान के दौरान विशेष उत्साह देखा जा रहा है बड़ों के साथ-साथ छोटे बच्चे भी रोजा रख रहे हैं अरशद की लगन ने यह सिद्ध कर दिया कि इबादत की कोई उम्र नहीं होती उन्होंने न केवल अपना पहला रोजा सफलतापूर्वक किया बल्कि अपने परिवार और समाज के लिए एक मिसाल कायम की है।

## पुणे में 7 दिवसीय राष्ट्रीय एकता शिविर में शामिल हुए मध्यप्रदेश के एनएसएस स्वयंसेवक

**वारासिवनी।** भारत सरकार युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय के निर्देशन में राष्ट्रीय सेवा योजना क्षेत्रीय निदेशालय पुणे सावित्रीबाई फुले पुणे विश्वविद्यालयए पुणे महाराष्ट्र में आयोजित राष्ट्रीय एकता शिविर 11 फरवरी से 17 फरवरी 2026 तक आयोजित किया गया। जिसमें मध्य प्रदेश, दिल्ली, महाराष्ट्र, केरल, तमिलनाडु, कर्नाटक, उड़ीसा, कोलकाता, राजस्थान, तेलंगाना, गुजरात, गोवा सहित कुल 12 राज्यों ने अपना प्रतिनिधित्व किया। मध्यप्रदेश दल रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय जबलपुर की ओर से कार्यक्रम प्रभारी कृष्णा पराते 10 सदस्य टीम में स्वयंसेवक में वेदांत दुबे नरसिंहपुर, तरुण चंदेल छिंदवाड़ा, रामगोपाल गवले डिंडोरी, गोपेंद्र साहू केवलारी, हर्ष बोरकर तिरोड़ी, कीर्ति तिवारी कटनी, वर्षा चौधरी नरसिंहपुर, वनीता झलके पांढुरना, अवनी यादव मंडला, अश्वनी राजपूत लखनादौन से शामिल हुए।

# हत्या के प्रयास के आरोपियों को पुलिस ने पैदल घुमाया झाड़गांव में

## जुर्म करना पाप है, पुलिस हमारी बाप है

### 24 घंटे के अंदर किया गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज वारासिवनी।



बाईक खरीदने के सौदे में बयाना के रुप में दिए गए 1500 रुपये की राशि वापस मॉगने की बात पर हुए विवाद के बाद मध्यस्थ पर चाकू से जानलेवा हमला कर फरार हो जाने वाले आरोपी मनीष उइके को रामपायली पुलिस ने 24 घंटे के अंदर गिरफ्तार कर लिया। आरोपी मनीष उइके को गिरफ्तार करने के बाद उसके भाई आशीष उइके के साथ गुरुवार को वारासिवनी न्यायालय में पेश कर जेल भेज दिया गया है।

मामला जनपद पंचायत वारासिवनी की ग्राम पंचायत झाडग़ॉव का है। जहॉ पर 17 फरवरी की शाम लगभग 7 बजे मनीष उइके व उसके भाई आशीष उइके का ग्राम के ही दिनेश चैनलाल नगपुरे से बाईक खरीदने के लिए बयाने के रुप में दी गई 1500 रुपये की राशि के लिए विवाद हो गया था। विवाद को बढ़ता देखकर ग्रामीणों ने 112 डायल को खबर देकर बुला लिया था और 112 डायल में आए हुए पुलिसकर्मियों द्वारा दोनों पक्षों को समझाने का प्रयास कर रहे थे। इसी दौरान अचानक ही मनीष उइके ने दिनेश नगपुरे की पीठ पर चाकू से जानलेवा हमला कर दिया और घटनास्थल से फरार हो गया।

इस अचानक हुए हमले से पुलिसकर्मी हक्का बक्का रह गए और घायल दिनेश नीचे गिर पड़ा। स्थिति को समझने के साथ ही पुलिसकर्मियों ने मनीष के भाई आशीष को तत्काल पकड़ लिया था और घायल दिनेश को लेकर वारासिवनी शासकीय चिकित्सालय लाकर प्राथमिक उपचार कराने के बाद 108 एम्बुलेंस से जिला चिकित्सालय बालाघाट उपचार के लिए भिजवा दिया था।

इस मामले में रामपायली पुलिस ने अपराध क्रमांक 61/26 बीएनएस की धारा 109(1)3(5) के तहत प्रकरण पंजीबद्ध कर फरार आरोपी मनीष की तलाश शुरु कर दी। इस तलाशी अभियान में रामपायली पुलिस को शीघ्र ही सफलता मिल गई और उन्होंने मनीष को 24 घंटे के अंदर ही गिरफ्तार कर लिया। आशीष और मनीष की गिरफ्तारी के बाद दोनों आरोपियों को उनके ग्राम झाडग़ॉव में पैदल घुमाया गया और उनसे अपराध नहीं करने की कसम दिलवाई गई। उसके बाद वारासिवनी न्यायालय में पेश किया गया। जहॉ सुनवाई के बाद न्यायाधीश ने दोनों को जेल भिजवा दिया।

इस मामले को हल करने में पुलिस अधीक्षक आदित्य मिश्रा के निर्देशन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक निहित उपाध्याय व एसडीओपी अभिषेक चौधरी के मार्गदर्शन में रामपायली थाना प्रभारी दिलीप मौर्य के नेतृत्व में तैयार टीम के उपनिरीक्षक कलशराम उइके, प्रधान आरक्षक देवेंद्र गौतम, प्रधान आरक्षक शैलेन्द्र सैय्याम, आरक्षक आलोक बिसेन, श्यामसिंह, नरोत्तम, जितेंद्र सरादे की सराहनीय भूमिका रही।

## देवराबेली चौकी क्षेत्र में पकड़ी गई गौ-तस्करी की बड़ी खेप

# लांजी में गौ-तस्करी का भंडाफोड़ः बजरंग दल की सतर्कता से पिकअप जब्त, चार बैल बरामद

हरिभूमि न्यूज लांजी।



लांजी थाना क्षेत्र अंतर्गत आने वाले देवराबेली चौकी के ग्राम लोडामा से नेवरवाही मार्ग में गौ-तस्करी का एक बड़ा मामला सामने आया है। बजरंग दल-प्रखंड संयोजक राजू रामटेक्कर एवं कार्यकर्ताओं की सक्रिय भूमिका से गौ-तस्करी करते हुए एक पिकअप वाहन को पकड़ लिया गया। पिकअप वाहन में चार नग बैल लदे हुए थे। पकड़े गए वाहन का रजिस्ट्रेशन नंबर MH-49 D 2180 बताया जा रहा है।पिकअप वाहन के चालक वीरेंद्र पारधी ने बताया कि यह पशु महाराष्ट्र के रहने वाले लखन ठाकरे का है। वहीं देवरबेली चौकी प्रभारी एवं पुलिस स्टाफ इस मामले की जांच में जुट गई है।

बजरंग दल-प्रखंड संयोजक राजू रामटेक्कर के अनुसार, लांजी क्षेत्र के लोडामा देवरबेली मार्ग में लगभग 1 बजकर 10 मिनट पर एक पिकअप वाहन को संदिग्ध अवस्था में जाते देखा गया। वाहन में मवेशियों को क्रूरतापूर्वक ले जाया जा रहा था। इस पर गौ-तस्करी की आशंका हुई। जिस पर बजरंग दल के प्रखंड संयोजक राजू रामटेक्कर ने पिकअप वाहन को देवरबेली चौकी पर खड़ा कर पुलिस को सौंप दिया है।

## स्व. आकाश ठाकुर,मंगल कुमार सुभाष खरे की स्मृति में हुआ आयोजन

# दिवंगत खिलाड़ियों की याद में जिला स्तरीय फुटबॉल का हुआ आगाज



हरिभूमि न्यूज उकवा।

फुटबॉल की नगरी के नाम से विख्यात उकवा नगर में वर्ष भर फुटबॉल प्रतियोगिताये आयोजित होती रहती है,इसी कड़ी में उकवा की प्रसिद्ध फुटबॉल टीम एसबीएम फुटबॉल क्लब द्वारा शुक्रवार को उकवा मॉयल ग्राउंड में उकवा के दिवंगत खिलाड़ी आकाश ठाकुर,सुभाष खरे,मंगल कुमार की पावन स्मृति में जिला स्तरीय फुटबॉल प्रतियोगिता का शानदार आगाज आज से उकवा मॉयल ग्राउंड में किया गया,जिसमें क्षेत्र की दस टीमें हिस्सा ले रही है।

आज शुभारंभ अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित उकवा चौकी प्रभारी आकाश शर्मा,जिला फुटबॉल संघ के उपाध्यक्ष एवं सामाजिक कार्यकर्ता जेम्स बारीक,अमन गौतम स्वय सेवी,दिवंगत खिलाड़ी के परिजन सरस्वती बाई,उमा ठाकुर,सातो बाई,शकुन बाई,आदि परिजनों की गरिमामई उपस्थिति में दिवंगत खिलाड़ियों के छाया चित्र पर पूजन अर्चन कर रिबन काटने के उपरांत खिलाड़ी परिचय के साथ किया गया।

आज के शुभारंभ अवसर पर पहला मैच राइजिंग स्टार उकवा और यंग इलेवन के मध्य जिसमें ट्राय वेंकर से यंग इलेवन विजेता रही,दूसरा मैच जीजस क्लब उकवा और गोंडवाना क्लब नारंगी के मध्य खेला गया।

आयोजन को सफल बनाने हेतु एस बीएम के वरिष्ठ खिलाड़ी दर्शन दीप, रोशन बालेंद्र, परदेशी दुधमोंगरा, मेहतर नंद, दीपक राउत, बृजलाल भुआर, रोशन नेताम, अनीश कुमार,सुनील सुना,मनीष कठौते, सामेल कलेथ, अखिलेश कोसमा, पीलू तराम,जय कुमार,अनिकेत नंद, बंटी,अजय प्रहलाद नंद, अतुल, दिसोन, नवीन, आयुष, भारत, समर्थ, राहुल, सुजल, हितेश, आयुष शिव, अनुराग, राज आर्यन, देवेंद्र, अभिमन्यु, राज, रमेश,अमन दीप,दिकू साहू,निलेश ,मिथलेश,शिवा आदि ने की है।

# प्रेम विवाह विवाद में युवती भटकी दर-दर, एफआईआर को लेकर आरोप-प्रत्यारोप

## शिकायत दर्ज न होने पर पुलिस की कार्यप्रणाली पर युवती ने उठाए सवाल, थाना प्रभारी बोले– मेडिकल परीक्षण के बाद की जा रही थी विधिसम्मत कार्रवाई



**हरिभूमि न्यूज लांजी।** तहसील क्षेत्र के ग्राम खजरी से प्रेम विवाह और कथित गर्भपात के आरोपों से जुड़े मामले में पीड़ित युवती ने ससुराल पक्ष और पुलिस पर गंभीर आरोप लगाए हैं। ग्राम घोटी घुसमारा निवासी 25 वर्षीय युवती मीनाक्षी जांभुरे का दावा है कि वर्ष 2019 से उसका ग्राम खजरी निवासी युवक किशोर गुर्दे से प्रेम संबंध था। युवती के अनुसार 27 अक्टूबर 2025 को बालाघाट में हनुमान मंदिर में विवाह किया गया, जिसके बाद युवक उसे कुछ समय तक किराये के मकान में रखता रहा। युवती ने आरोप लगाया कि पूर्व में वह तीन बार गर्भवती हुई, लेकिन युवक ने दवाइयां देकर गर्भपात करा दिया। उसने ससुराल पक्ष पर प्रताड़ना और घर में प्रवेश से रोकने का भी आरोप लगाया। युवती का कहना है कि वह दो-तीन बार थाना लांजी पहुंची, परंतु उसकी शिकायत दर्ज नहीं की गई और ससुराल पक्ष से पैसे लेकर मामला दबाने की कोशिश की गई। इधर थाना प्रभारी दीप सिंह परमार ने आरोपों से इनकार करते हुए कहा कि मेडिकल परीक्षण के बाद एफआईआर की प्रक्रिया की जा रही थी, लेकिन आवेदिका घटना को बदल-बदलकर बता रही थी। वास्तविक तथ्यों के आधार पर रिपोर्ट दर्ज कराने की बात कहे जाने पर वह अपने साथियों के साथ बिना रिपोर्ट दर्ज कराए थाना परिसर से चली गई। 19 फरवरी की देर रात तक प्रकरण में एफआईआर दर्ज नहीं हो सकी थी। युवती ने मामले में पुलिस अधीक्षक से शिकायत करने की बात कही है। मामला प्रेम विवाह, पारिवारिक विवाद और कथित आपराधिक आरोपों के बीच उलझा हुआ है, जिसकी निष्पक्ष जांच की मांग उठ रही है।

# बाइपास में हुआ सड़क हादसा बाइक सवार 3 लोग घायल



**हरिभूमि न्यूज कटंगी।** थाना क्षेत्र के अंतर्गत खजरी-खमरिया बाईपास में कतरकना के नजदीक भीषण सड़क हादसा हुआ है। हादसे में बाइक सवार तीन लोग गंभीर रुप से घायल हुए है। घायलों को संजीवनी 108 से नजदीक के सरकारी अस्पताल कटंगी में प्राथमिक उपचार के लिए लाकर भर्ती करवाया गया। एक की हालत गंभीर होने पर उसे जिला अस्पताल बालाघाट रेफर किया गया है। हादसा गुरूवार की देर शाम साढ़े 08 बजे के आस-पास हुआ है। मिली जानकारी अनुसार महेश सिरसाम उम्र 45 वर्ष, प्रेम उइके उम्र 18 वर्ष, रामेश्वर उइके उम्र 23 वर्ष तीनों निवासी ग्राम खमरिया अपने घर की तरफ जा रहे थे। इनकी मोटरसाइकिल को दूसरी मोटरसाइकिल से पीछे से टक्कर मार दी। जिससे इनकी मोटरसाइकिल सामने जा रही बैलगाड़ी से जाकर टकरा गई। सड़क हादसे की सूचना मिलने पर संजीवनी 108 ईएमटी डॉ गौरीशंकर पटले और पायलेट दिलीप उइके घटनास्थल पर पहुंचे जिन्होंने घायलों को अस्पताल पहुंचाया। यहां से महेश को जिला अस्पताल बालाघाट रेफर किया गया।

## खबर संक्षेप



### सेंसेई राधिका को वर्ल्ड कराते फेडरेशन जज की मिली उपाधि

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** सिवनी सेंसेई राधिका कश्यप ने वल्र्ड कराते फेडरेशन की जज की उपाधि प्राप्त की। जिला कराते संघ सिवनी की प्रशिक्षिका सेंसेई राधिका कश्यप ने कराते विधा में फुजिराह (दुबई) में 7 से 11 फरवरी वल्र्ड कराते फेडरेशन की परीक्षा पास की, ज्ञात है कि मध्यप्रदेश की प्रथम महिला है जो वल्र्ड जज बनी है। कराते इंडिया आर्गेनाईजेशन के अध्यक्ष हंशी भारत शर्मा एवं सचिव कियोशी संजीव जांगड़ा एवं मध्यप्रदेश के सचिव शिहांन महेश कुशवाहा एवं अध्यक्ष शिहांन राजेन्द्र तोमर एवं चढह रेफरी कमीशन मेम्बर शिहांन अनूप डेथे के मार्गदर्शन में सेंसेई राधिका कश्यप ने वल्र्ड कराते कुमिते जज-क्वकी उपाधि प्राप्त की।

### भोपाल में आयोजित फेमिना मिस इंडिया ब्यूटी कॉन्टेस्ट में सिवनी की बिटिया धनु श्री चौहान ने प्रथम पुरस्कार जीता

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** नगर में निवासरत धनु श्री चौहान ने फेमिना मिस मध्यप्रदेश 2026 का ख़िताब अपने नाम किया और सिवनी जिले का नाम राष्ट्रीय पटल पर अंकित कर परिवार सहित सिवनी के सभी को गौरवान्वित किया साथ ही उन्हें मिस ब्यूटीफुल स्माइल के टाइटल से भी नवाजा गया,



धनुश्री बिटिया राजेश चौहान (अभिषेक ट्रेडर्स)और श्रीमती मनीषा चौहान (अध्यक्ष गूंज संस्था ) की सबसे छोटी बेटी हैं अगले चरण में धनुश्री भारत के सामने मध्यप्रदेश का प्रतिनिधित्व करेंगी।

### सिवनी सर्किल के 16 स्थानों पर हुआ सफल आयोजन

**सिवनी।** सर्किल के अंतर्गत 16 विभिन्न स्थानों पर सफलतापूर्वक कार्यक्रम आयोजित किए गए। सिमरिया, बोरदई, बमहोरी, आमागढ़, कोहका, गोपालगंज, चक्कीखमरिया, कतलवोड़ी, भानडरपुर, मोहगांव, फुलारा, हथनापुर, मंगवानी, चदौरी, हिनोतिया एवं जमुनपानी सहित विभिन्न क्षेत्रों में अध्यक्षों एवं प्रभारियों के नेतृत्व में आयोजन संपन्न हुआ।
कार्यक्रमों में बड़ी संख्या में युवक, सामाजिक कार्यकर्ता एवं वरिष्ठ समाजजनों की उपस्थिति रही। वक्ताओं ने सामाजिक एकजुटता और संगठन की मजबूती पर जोर दिया।
आयोजन की सफलता को लेकर पदाधिकारियों ने सभी कार्यकर्ताओं का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि समाज की एकता ही उसकी सबसे बड़ी ताकत है।

### लिपिक कर्मचारी संघ के वरिष्ठ उप प्रांताध्यक्ष बने राकेश बघेल

**सिवनी**-मध्यप्रदेश लिपिक वर्गीय शासकीय कर्मचारी संघ में संगठनात्मक मजबूती की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए जिले के युवा कर्मचारी नेता राकेश बघेल को संघ का वरिष्ठ उप प्रांताध्यक्ष नियुक्त किया गया है। यह नियुक्ति संघ के प्रांताध्यक्ष मुकेश चतुर्वेदी द्वारा संगठन के संविधान में प्रदत्त अधिकारों का उपयोग करते हुए की गई है। उत्तर सामान्य वन मंडल में मुख्य लिपिक के पद पर पदस्थ राकेश बघेल वर्तमान में कर्मचारी कांग्रेस के संभागीय अध्यक्ष है ।

# शिक्षक की हैवानियत! शासकीय स्कूल के बच्चों को लाठी से पीटा, ग्रामीणों ने की शिकायत

## छपारा के शासकीय प्राथमिक शाला करेली का मामला; शिक्षक महफूज अंसारी पर कार्रवाई और तबादले की मांग



**हरिभूमि न्यूज छब्बी लाल कमलेशिया।** सिवनी के सिवनी जिले के छपारा विकासखंड से एक दिल दहला देने वाला मामला सामने आया है। यहाँ के एकीकृत शासकीय माध्यमिक शाला अंतर्गत प्राथमिक शाला में करेली में पदस्थ एक शिक्षक पर कक्षा 5वीं के मासूम छात्रों के साथ लाठी से मारपीट करने का गंभीर आरोप लगा है। घटना बीते 17 फरवरी की बताई जा रही है। ग्रामीणों द्वारा विकासखंड अधिकारी को सौंपे गए शिकायती पत्र के अनुसार, शिक्षक महफूज अंसारी ने मासूम बच्चों को लाठी से इतनी बेरहमी से पीटा कि उनके शरीर पर लाठी के निशान उभर आए हैं। डरे-सहमे बच्चे अब उस शिक्षक की क्लास में बैठने से भी कतरा रहे हैं और रो-रोकर अपनी आपबीती सुना रहे हैं। ग्रामीणों का कहना है कि उन्होंने इस पूरी घटना का वीडियो भी बनाया है। आक्रोशित ग्रामवासियों ने संकुल केंद्र केकड़ा के माध्यम से प्रशासन से मांग की है कि उक्त शिक्षक पर तत्काल उचित कार्रवाई की जाए और उसका स्थानांतरण कर स्कूल में किसी अन्य शिक्षक की व्यवस्था की जाए ताकि बच्चों का भविष्य और सुरक्षा सुनिश्चित हो सके।

# दो डी.जे. संचालकों पर बरघाट पुलिस की सख्त कार्यवाही , वाहन सहित डीजे सिस्टम जप्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिवनी।

पुलिस अधीक्षक सुनिल मेहता के द्वारा अवैध रूप से डीजे साऊण्ड प्रयोग कर शोरगुल करने वाले डीजे संचालको के विरुद्ध त्वरित कार्यवाही करने के निर्देश प्राप्त हुये है।
अति. पुलिस अधीक्षक दीपक मिश्रा एवं अनु.वि. अधिकारी पुलिस ललित गठरे के मार्गदर्शन में नियम का उलघंन करने वाले डीजे संचालको के विरुद्ध लगातार सख्त कार्यवाही की जा रही है। इसी क्रम में थाना बरघाट सिवनी द्वारा वर्तमान में आयोजित बोर्ड परीक्षाओ छात्र-छात्राओ की समस्याओ को दृष्टिगत रखते हुये देर रात्रि में डीजे वाहन का संचालन बिना अनुमति के निर्धारित समय अवधि उपरांत तेज में डीजे बजाये जाने पर डीजे संचालको पर कार्यवाही की गई जिसमे ग्राम खूंट में 02 डीजे वाहनो को जप्त कि जाकर डीजे साउण्ड सिस्टम के संचालको पर 7/15 कोलाहल अधिनियम के तहत कार्यवाही करते हुये पृथक-पृथक अपराध पंजीबद्ध कर डीजे साऊण्ड सिस्टम व वाहन जप्त किये गये है। आरोपी (डीजे संचालक)अरविन्द पिता राजेन्द्र चक्रवर्ती उम्र 25 साल निवासी ग्राम सिंगोडी गोपालगंज थाना लखनवाड़ा जिला सिवनी, अमित पिता जागेश्वर दांदरे उस 24 साल निवासी ग्रान बम्हनी थाना बरघाट।
जप्ती मे 01 आईसर ट्रक क्रमांक एमपी 07 जीए 7632, साऊण्ड सिस्टम जनरेटर मशीन एवं अन्य सामग्री 02- बोलेरो पिकअप क्रमांक एमपी 22 जी 0323 साऊण्ड सिस्टम जनरेटर मशीन एवं अन्य सामग्री।
इस कार्यवाही निरीक्षक मोहनीश सिंह बैस, सउनि रामावतार डेहरिया, सउनि लूपेश राहंगडाले सउनि सुबोध मालवी, प्र.आर. दीपक पवार, आर. संजू उइके, आरउलेश कटरे आरविनोद भगत चालक आर.चन्द्रदीप हिवारे सराहनीय भूमिका रही।

# 5वीं व 8वीं की वार्षिक परीक्षा में डीईओ एवं डीपीसी द्वारा परीक्षा केन्द्रों का किया गया निरीक्षण

**राज्य शिक्षा केन्द्र भोपाल द्वारा दिनांक 17/12/2025 के परिपालन में 5वीं, 8वींवार्षिक परीक्षा 20 फरवरी से प्रारंभ हो चुकी है ।**

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिवनी।



जिले के 08 विकासखण्डों के 80 जन शिक्षा केन्द्रों में शासकीय, अशासकीय, शासकीय अनुदान प्राप्त शालायें एवं मदरसा से कक्षा 5वीं एवं 8वीं के विद्यार्थियों के परीक्षा हेतु 229 परीक्षा केन्द्रों में प्रथम दिवस दोपहर 02 बजे से परीक्षा आयोजित की गई ।
जिला स्तरीय एवं विकासखण्ड स्तरीय टीम द्वारा परीक्षा का अवलोकन किया गया जिसमें जिला शिक्षा अधिकारी एस एस कुमरे द्वारा परीक्षा केन्द्र कन्या मठ स्कूल सिवनी एवं नेताजी सुभाषचन्द्र बोस स्कूल सिवनी का निरीक्षण किया गया तथा जिला परियोजना समन्वरयक जिला शिक्षा केन्द्र महेश कुमार बघेल द्वारा शा. उ. मा. वि. सुकतरा, शा. उ. मा. वि. गोपालगंज एवं शासकीय माध्यमिक शाला सुकवाह का निरीक्षण किया गया । परीक्षा सुचारू रूप से संचालित पाई गई ।

# लखनादौन नगर पंचायत की सक्रियता से विकास को नई रफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ लखनादौन।



नगर पंचायत लखनादौन की अध्यक्ष मीना बलराम गोल्हानी के नेतृत्व में नगर विकास को नई दिशा मिल रही है। समयानुसार कार्यालय में उपस्थित होकर वे स्वयं हितग्राहियों की समस्याओं का त्वरित निराकरण कर रही हैं, जिससे आमजन में विश्वास और संतोष का वातावरण बना है।
नगर के सभी 15 वार्डों में चल रहे निर्माणाधीन कार्यों का नियमित निरीक्षण कर गुणवत्ता और गति दोनों पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। सडक़, नाली, पेयजल और मूलभूत सुविधाओं से जुड़े कार्यों में तेजी आई है। लगभग तीन वर्षों के कार्यकाल में सरल, मिलनसार और प्रतिभाशाली नेतृत्व का प्रभाव स्पष्ट रूप से दिखाई दे रहा है।
हमारे संवाददाता से विशेष पोस्टकास्ट चर्चा में अध्यक्ष ने नगर पंचायत द्वारा निर्मित किए जा रहे भव्य स्टेडियम की विस्तृत जानकारी दी।
उन्होंने बताया कि यह स्टेडियम युवाओं के लिए खेल प्रतिभा निखारने का सशक्त मंच बनेगा और लखनादौन की पहचान को नई ऊँचाई देगा।
आधुनिक सुविधाओं से युक्त यह परियोजना नगर के लिए एक ऐतिहासिक उपलब्धि साबित होगी। जनसेवा के प्रति समर्पण और विकास के प्रति प्रतिबद्धता के साथ नगर पंचायत लखनादौन निरंतर प्रगति के पथ पर अग्रसर है।

# प्रमोद सोनी बने लिपिक वर्ग कर्मचारी संघ के प्रांतीय उपाध्यक्ष



**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** मध्य प्रदेश लिपिक वर्ग शासकीय कर्मचारी संघ के प्रदेश अध्यक्ष मुकेश चतुर्वेदी के द्वारा सिवनी जिले के कर्ममठ एवं जुझारू संगठन में सकरीय रहने वाले लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग सिवनी में पदस्थ सहायक ग्रेड 2 प्रमोद सोनी को मध्य प्रदेश लिपिक वर्ग कर्मचारी संघ का प्रांतीय उपाध्यक्ष मनोनीत किया गया है। इस अवसर पर संघ के जिला अध्यक्ष देवी कारण कोल संघ राकेश बघेल पवन राजपूत कर्मचारी कांग्रेस के जिला अध्यक्ष सुभाष बघेल कर्मचारी कांग्रेस के संभाग अध्यक्ष राजेंद्र सिंह बघेल अरुण सैनी महेंद्र पाठक कर्मचारी कांग्रेस प्रदेश सचिव शिक्षक कांग्रेस के अध्यक्ष नरेंद्र मिश्रा ओल्ड पेंशन स्कीम के प्रदेश अध्यक्ष परमानंद डेहरिया महेंद्र कटेवर साजिद खान प्रदेश महामंत्री कर्मचारी कांग्रेस अजाक्स संघ प्रदेश पदाधिकारी श्री संत मर्सकोले कुशराम आदि समस्त कर्मचारी नेताओं ने उन्हें प्रदेश पदाधिकारी लिपिक वर्ग कर्मचारी संघ बनने पर हर्ष व्यक्त किया एवं शुभकामनाएं प्रेषित की है ।

# उद्यमिता और महिला सशक्तिकरण विषय पर दो दिवसीय सेमिनार का हुआ आयोजन

## नारी सशक्तिकरण केवल नारा नहीं, हर घर चर्चा का विषय बने - कलेक्टर

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिवनी।



महिलाओं को अपने आप में स्वतंत्र और आत्मनिर्भर बनने के लिए अपने जीवन में छोटी-छोटी लड़ाइयों को जितना होगा. छोटे-छोटे संघर्ष में प्राप्त सफलताओं से ही महिला सशक्तिकरण की अवधारणा मजबूत होगी. यह शुरुआत महिलाओं को अपने घर से करनी होगी. अब नारी सशक्तिकरण केवल नारा नहीं, बल्कि घर-घर में चर्चा का विषय बनना चाहिए. यह बात सिवनी कलेक्टर शीतला पटले ने प्रधानमंत्री कॉलेज आफ एक्सीलेंस में आयोजित कार्यशाला में बतौर मुख्य अतिथि युवा छात्र-छात्राओं को प्रेरित करते हुए कही. पीएम उषा सॉफ्ट कम्पोनेंट कार्यक्रम अंतर्गत उद्यमिता और महिला सशक्तिकरण विषय पर आयोजित दो दिवसीय सेमिनार के पहले दिन बड़ी संख्या में युवा छात्र-छात्राओं ने सहभागिता की।
कार्यक्रम में युवा छात्राओं को संबोधित करते हुए कलेक्टर शीतला पटले ने कहा कि महिलाओं की स्थिति अभी भी दोयम दर्जे की मानी जाती है. महिलाओं की योग्यता और मातृत्व का आकलन महिलाओं के कपड़े और बालों की लंबाई से किया जाता है. आधुनिक कपड़े पहनने वाली महिलाओं पर व्यंग्य कसा जाता है कि अब माँ का आंचल नहीं रहा. कलेक्टर पटले ने अपने वक्तव्य में चुटकी लेते हुए सवाल किया कि अब पुरुषों की तो धोती भी नहीं रही, तो क्या उनका पितृत्व छूट गया कलेक्टर ने कहा कि भारतीय समाज में अभी भी महिलाओं को ही दृष्टि से देखा जाता है और उन्हें कमतर आंका जाता है. आज भी घरों में महिलाओं को वे छोटी-छोटी सुविधा भी नसीब नहीं है , जो पुरुषों को बड़ी आसानी से उपलब्ध हो जाती है. उदाहरण के लिए पुरुष सुबह उठकर अखबार पढ़ सकते हैं लेकिन घरेलू महिला को सुबह सारे काम निपटाना पड़ता है , वे अखबार पढने की सोच भी नहीं सकती. लेकिन, पिछले 10 वर्षों में स्थिति में काफी सुधार आया है. बहुत सारे कानून और योजनाओं के माध्यम से महिला सशक्तिकरण में मदद मिली है. महिलाओं को शिक्षा के माध्यम से अपना सशक्तिकरण करने का अस्त्र मिला है।
स्वच्छता अभियान के तहत अपने प्रशासनिक अनुभव साझा करते हुए यह चौंकाने वाले तथ्य से अवगत कराया कि खुले में शौच जाना महिलाओं के लिए अपनी आजादी के कुछ क्षणों को जीना था, बाहर सखियों से खुलकर बातचीत करने और आपसी सुख-दुख बॉंटने का मौका मिलता था. घर में शौचालय बनने से बाहर जाने की आजादी भी खत्म हो गई. ग्रामीण महिलाओं को इस समस्या से उबरने में बरसों लगे।
कार्यक्रम की शुरुआत माँ सरस्वती की पूजा अर्चना से हुई . कार्यक्रम में प्राचार्य डॉ रविशंकर नाग, जन भागीदारी अध्यक्ष अजय बाबा पांडे, महाविद्यालय के सभी प्राध्यापक, शिक्षक , स्टाफ और बड़ी संख्या में युवा छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे. कार्यक्रम का संचालन स्पोर्ट्स ऑफिसर के सी राउर ने किया।

# सिवनी-मंडला रोड पर भीषण सड़क हादसा, दो युवक घायल



**सिवनी।** जिले के सिवनी-मंडला रोड पर शुक्रवार दोपहर एक दर्दनाक सड़क हादसा हो गया। चौधरी पेट्रोल पंप के पास एक मारुति वैन और बाइक की आमने-सामने टक्कर हो गई, जिसमें बाइक सवार दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, मुनगापार से नैपुर की ओर जाने वाले सिवनी-मंडला मार्ग पर लंबे समय से सड़क सुधार कार्य अधूरा पड़ा है। सड़क पर जगह-जगह गहरे गड्ढे बने हुए हैं, जिससे आए दिन हादसे हो रहे हैं। बताया जा रहा है कि गड्ढों से बचने की कोशिश में दोनों वाहन आपस में टकरा गए। घटना की सूचना मिलते ही डायल 112 पुलिस वाहन मौके पर पहुंचा। एंबुलेंस चालक श्याम चंदेल और विजेंद्र दुबे ने तत्परता दिखाते हुए घायलों को तुरंत सिविल अस्पताल केवलारी पहुंचाया, जहां उनका उपचार जारी है। स्थानीय लोगों ने प्रशासन से जल्द सड़क मरम्मत कार्य पूरा कराने की मांग की है, ताकि भविष्य में इस तरह की घटनाओं पर रोक लगाई जा सके।

# ग्राम चिरचिरा में महिलाओं ने शराबबंदी पर ग्राम सभा में प्रस्ताव हेतु सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिवनी।

यदि आप बहुत अधिक शराब पीते हैं या हर दिन पीते हैं तो समय के साथ-साथ इसका आपकी मनोदशा पर नकारात्मक प्रभाव पड़ सकता है शराब पीना यह एक मानसिक गुलामी है जो दिनों दिन समाज में एक महामारी की तरह फैल कर व्यक्ति को दीमक की तरह चाट रही है। इसी दूर दृष्टि परिणाम को ध्यान में रखते हुए बरघाट क्षेत्र के ग्राम पंचायत चिरचीरा( गुर्रा) की जागरूक महिलाओं ने एक होकर गांव को नशा मुक्त करवाने का बीड़ा उठाया है। ग्राम की महिलाओं ने बताया कि गांव की अवैध शराब बिक्री पर रोक हेतु थाना अरी में 11/2/2026 को आवेदन दिया है किंतु आज दिनांक तक हमारे गांव मेशराब बिक्री बंद नहीं हुई!! जिसके कारण आज हम सब गांव की महिला एक होकर सरपंच सचिव को लिखित आवेदन दे रहे हैं कि हमारे गांव को नशा मुक्त करने के लिए ग्राम सभा में प्रस्ताव पास करवा कर सक्षम अधिकारियों को सूचित करने के लिए कहा है।

**सरपंच सचिव ने ग्राम वासियों को शराब बंद करवाने का दिया आश्वासन**

ग्राम पंचायत सचिव हेमलता इनवाती एवं सरपंच कैलाश उईके ने महिलाओं को आश्वासन दिया कि गांव में अब शराब बेचना एवं सार्वजनिक जगह पर शराब पीकर गाली गलौज करना पूर्णत प्रतिबंध रहेगा जो पंचायत के आदेश की अवहेलना करेगा उसे पुलिस के हवाले किया जाएगा निश्चित ही सोमवार 23 फरवरी को ग्राम सभा में प्रस्ताव पास करवा कर गांव सहयोग से यह कार्य किया जाएगा। गांव में 90% से ज्यादा लोग शराब के आदी कई प्रकार के हानिकारक केमिकल डालकर जीवन हो रहा बर्बाद ग्राम की महिला चंद्रकला राऊत ने बताया कि दारू बनाने के लिए कई प्रकार के हानिकारक केमिकल मिलाए जाते हैं जिससे गांव में पीने वालों के शरीर में दुष्परिणाम हो रहे हैं शराब पीने से कई लोगों की मौत हो चुकी है जो आज भी निरंतर जारी है।

**गांव नशा मुक्त न होने पर महिलाओं ने आंदोलन की दी चेतावनी**

गांव की कई महिलाओं ने एक होकर कहा कि यदि हमारे गांव में दारू बंद नहीं हुई तो हम सब आंदोलन करने के लिए बाध्य रहेंगे जिसकी सारी जवाबदारी शासन प्रशासन की होगी।

## मुख्य सचिव की अध्यक्षता में कलेक्टर- कमिश्नर कॉन्फ्रेंस सम्पन्न

# राजस्व प्रकरणों के त्वरित निराकरण और समयबद्ध गुणवत्तापूर्ण क्रियान्वयन सुनिश्चित करने के दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिवनी।



मुख्य सचिव अनुराग जैन ने गुरुवार को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से आयोजित कलेक्टर-कमिश्नर कॉन्फ्रेंस में विभिन्न विभागों की योजनाओं की विस्तृत समीक्षा की।
उन्होंने ग्रामीण विकास, जनजातीय कार्य, शिक्षा, रोजगार, उद्योग एवं निवेश, राजस्व और सुशासन से जुड़े प्रमुख विषयों पर चर्चा करते हुए सभी जिलों को समयबद्ध और गुणवत्तापूर्ण क्रियान्वयन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।
बैठक में नवीन शैक्षणिक सत्र में नामांकन बढ़ाने और ड्रॉपआउट कम करने, आंगनवाड़ी व प्राथमिक विद्यालयों के को-लोकेशन, प्रधानमंत्री आवास योजना की प्रगति, लखपति दीदी योजना, वनाधिकार दावों के पुनर्परीक्षण, एक जिला एक उत्पाद, कौशल विकास गतिविधियों तथा सीएम हेल्पलाइन के प्रभावी निराकरण पर विशेष जोर दिया गया। साथ ही राजस्व प्रकरणों के त्वरित निराकरण और डिजिटल प्लेटफॉर्म के अधिक उपयोग के निर्देश भी दिए गए।
आयोजित वीडियों कॉफ्रासिंग में प्रदेश के सभी संभागीय आयुक्त एवं कलेक्टर शामिल हुए। इस अवसर पर कलेक्टर शीतला पटले,पुलिस अधीक्षक सुनील मेहता एवं सीईओ जिला पंचायत श्रीमती अंजली शाह सहित अन्य संबंधित अधिकारी वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से जुड़े रहे।

### राजनैतिक दलों की बैठक आज

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** भारत निर्वाचन आयोग एवं मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी मध्य प्रदेश भोपाल के निर्देशानुसार जिले की समस्त विधानसभाओं एवं मतदान केन्द्रों में निर्वाचक नामावली का अंतिम प्रकाशन दिनांक 21 फरवरी 2026, शनिवार को किया जाएगा।
कलेक्टर श्रीमती शीतला पटले की अध्यक्षता में मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों की बैठक शनिवार 21 फरवरी 2026 को प्रातः 11.00 बजे कलेक्टर सभाकक्ष में आयोजित की गई है। बैठक में निर्वाचक नामावली के अंतिम प्रकाशन एवं उससे संबंधित विषयों पर विस्तार से चर्चा की जाएगी।
सभी मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों से स्वयं अथवा अपने अधिकृत प्रतिनिधि को निर्धारित तिथि एवं समय पर कलेक्टर सभाकक्ष में उपस्थित होकर बैठक में सहभागिता करने की अपील की गई है।

# पीएम कौशल विकास योजना अंतर्गत नि:शुल्क प्रशिक्षण के लिए आवेदन आमंत्रित

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिवनी।

प्राचार्य शासकीय आई टी आई सिवनी द्वारा बताया गया कि प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना पीएमकेवीवाई 4.0 के अंतर्गत शासकीय आईटीआई सिवनी को 300 प्रशिक्षण का लक्ष्य प्राप्त हुए हैं। इसके तहत युवाओं के लिए रोजगार आधारित तीन शॉर्ट टर्म प्रशिक्षण शुरू किए जा रहे हैं। इन प्रशिक्षणों का उद्देश्य कम समय में कौशल प्रदान कर राष्ट्रीय और बहुराष्ट्रीय कंपनियों में रोजगार के अवसर उपलब्ध कराना है। सभी प्रशिक्षण पूरी तरह निःशुल्क हैं। फिटर फैब्रिकेशन ट्रेड के लिए 10वीं के साथ आईटीआई या 12वीं या आईटीआई उत्तीर्ण अभ्यर्थी आवेदन कर सकते हैं। प्रशिक्षण अवधि 540 घंटे है और 90 सीटें निर्धारित हैं। गैस टंगस्टन आर्क वेल्डिंग ट्रेड के लिए 8वीं के साथ आईटीआई या 10वीं के साथ आईटीआई या 12वीं उत्तीर्ण अभ्यर्थी पात्र हैं। प्रशिक्षण अवधि 510 घंटे है और 90 सीटें उपलब्ध हैं। इलेक्ट्रॉनिक हार्डवेयर असेंबली ऑपरेटर ट्रेड के लिए 12वीं या आईटीआई उत्तीर्ण अभ्यर्थी आवेदन कर सकते हैं। प्रशिक्षण अवधि 450 घंटे है और 120 सीटें निर्धारित हैं। इच्छुक अभ्यर्थी पंजीयन और अन्य जानकारी के लिए शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था सिवनी या मोबाईल नंबर 9685766061, 8319575201, 8109284330 में संपर्क कर सकते हैं।

